JP GROUP OF EDUCATION

Welcome Program-2025-27

जे0पी0 ग्रुप ऑफ एजुकेशन में डी0एल0एड0 सत्र 2025—27 कक्षा का शुभारम्भ किया गया।

आज दिनांक 14.03.2026 दिन शनिवार को जे0 पी0 ग्रुप के अंतर्गत संचालित जे0 पी0 कॉलेज ऑफ एजुकेशन एवं जे0 पी0 शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के डी0 एल0 एड0 (2025—27) प्रथम वर्ष की कक्षाओं का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर संस्थान के सचिव श्री शैलेश कुमार ने छात्रों को संदेश देते हुए कहा कि आपलोगों ने जे0 पी0 ग्रुप मे अपना नामांकन करवाया है, और इस संस्थान पर जो विश्वास दिखाया है उसके लिए आप सभी को धन्यवाद एवं बधाई। आगे उन्होने छात्रों को एक अच्छे शिक्षक बनने का मार्ग दिखाते हुए कहा कि शिक्षक समाज का पथ प्रदर्शक होता है। एक अच्छा शिक्षक एक अच्छे समाज का निर्माण करता है।

इस अवसर पर जे0 पी0 ग्रुप के प्रशासनिक पदाधिकारी श्री एस. दिवाकर ने छात्रो को निरंतर अध्ययन करने का सुझाव देते हुए कहा कि लगातार अध्ययन ही आपको एक योग्य शिक्षक बना सकता है।

इसके पूर्व जे0 पी0 कॉलेज के प्राचार्य डॉ0 संजय कुमार ने आए हुए अतिथियों एवं जे0 पी0 ग्रुप के सभी प्राचार्य एवं शिक्षक तथा नवनांमाकित छात्रों का स्वागत करत हुए जे0 पी0 ग्रुप के स्थापना से अवतक के यात्रा के बारे में बताया तथा छात्रों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया।

इस कार्यक्रम में जे0 पी0 ग्रुप के सभी संस्थानों के प्राचार्य तथा शिक्षकगण उपस्थित थे।

इस अवसर पर बी0 एड0 प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष तथा डी0 एल0 एड0 द्वितीय वर्ष के छात्र—छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें प्रशिक्षुओं के द्वारा पर्यावरण, बाल विवाह, नारी सशक्तिकरण इत्यादि जैसे सामाजिक मुद्दे पर नाटक प्रस्तुत किया गया।

अंत में जे0 पी0 शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 पुनीत कुमार शुक्ला ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

भवदीय

14/03/26